उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(जिला योजना)

दिनांक 29.01.2018 को उपायुक्त, रामगढ़ की अध्यक्षता में सम्पन्न DMFT के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति पंजी के अनुसार

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए DMFT के उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, रामगढ़ को निदेश दिया गया।

तद्नुसार विमर्शोपरान्त निम्नवत् निर्णय लिया गया :–

1. कार्यान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा :–

i. **शौचालय निर्माण** :– ODF के तहत् व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृत, सभी योजनाओं का पूर्णता प्रमाण पत्र तथा उपलब्ध करायी गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र, विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ को निदेश दिया गया। साथ ही, निर्मित शौचालयों का शत–प्रतिशत भौतिक सत्यापन करने तथा उनका Proper Use करने से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया।

ii. **पेयजलापूर्ति योजना** :– बिरहोर टोलों में पेयजलापूर्ति योजना तथा विद्यालयों एवं विभिन्न टोलों में सोलर आधारित पेयजलापूर्ति योजना का कार्य अब तक पूरा नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ को निदेश दिया गया कि संबंधित सभी योजनाओं को 15 फरवरी 2018 तक पूरा करें एवं इसकी सूची अविलंब उपलब्ध करावे, ताकि इसका उद्घाटन आगामी रजरप्पा महोत्सव के दौरान माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार के द्वारा कराया जा सके।

iii. **पुल–पुलिया निर्माण** :– उच्च स्तरीय पुल निर्माण की चार योजनाएँ तथा पुल–पुलिया की 43 योजनाएँ जिसकी स्वीकृति एवं कार्य पूरा करने की तिथि 31.03.2017 तक निर्धारित की गयी है, उसका निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं होने के फलस्वरूप नाराजगी व्यक्त की गयी। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़–सह–हजारीबाग द्वारा बताया गया कि इनमें से 30 योजनाओं का कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष योजनाएँ 15 दिनों के अन्दर पूरा कर ली जाएगी। उन्हें निदेश दिया गया कि जिन योजनाओं का कार्य भूमि विवाद, वन भूमि अथवा अन्य विवादों के कारण अब तक प्रारम्भ नहीं किया गया है, उसे रद्द करने हेतु प्रतिवेदन कारण सहित उपलब्ध करावें। सभी योजनाओं को 15 फरवरी तक पूरा कर पूर्ण योजनाओं की सूची अविलम्ब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि इसका उद्घाटन आगामी रजरप्पा महोत्सव के दौरान माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार के द्वारा कराया जा सके।

iv. **MTC** :– कुपोषण निवारण हेतु संचालित MTC योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार करने का निदेश दिया गया। इसके अन्तर्गत उपलब्ध करायी गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने तथा सम्पादित कार्यों का विधिवत् Documentation तैयार करने का निदेश दिया गया।

v. **बिजुलिया तालाब एवं गढ़बाँध का जीर्णोद्धार कार्य** :– पर्यटन प्रक्षेत्र की उक्त दो योजनाएँ जिसकी स्वीकृति एवं कार्य पूरा करने की स्थिति 30.06.2017 निर्धारित की गयी है उस पर अब तक कार्य असंतोषजनक पाये जाने के फलस्वरूप इसमें तीव्रता लाने तथा शीघ्र कार्य पूरा करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़ को दिया गया।

4. योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति

दिनांक 18.08.2017 को सम्पन्न DMFT रामगढ़ की न्यास परिषद् की बैठक में पारित एवं तकनिकी स्वीकृति प्राप्त अभिलेखों पर विमर्शोपरान्त सर्वसम्मति से निम्न योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु अनुमोदित की गयी :–

क्र.	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)
1	रामगढ़ जिलान्तर्गत माण्डू प्रखण्ड में राजकीय अनुसूचित जनजातीय आवासीय विद्यालय भवन का निर्माण।	388.351

2	रामगढ़ जिलान्तर्गत माण्डू प्रखण्ड में राजकीय अनुसूचित जनजातीय आवासीय विद्यालय में स्टॉफ/शिक्षक का आवासीय भवन, रसोई एवं डाईनिंग हॉल का निर्माण।	178.654
3	रामगढ़ जिलान्तर्गत पतरातु प्रखण्ड के पतरातु मार्केट का विकास कार्य।	496.906
4	रामगढ़ जिलान्तर्गत गोला प्रखण्ड के गोला मार्केट का विकास कार्य।	499.102

साथ ही, अन्य योजनाएँ जो न्यास परिषद् द्वारा पारित है तथा उसका डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु पूर्व की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 1186/वि0 दिनांक 20.10.2016 में संबंधित एजेन्सी को निदेश गया है, उन्हें अद्योहस्ताक्षरी को अविलम्ब डी0पी0आर0 उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

तदोपरान्त बैठक में दिये गये निदेशों पर शीघ्र कार्रवाई कर अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश के साथ सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।

ज्ञापांक 52/जि0यो रामगढ़, दिनांक 30/01/2018

प्रतिलिपिः– **सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।**

30/01/18

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।